# पश्चिम क्षेत्र में स्विमिंग पूल और ऑडिटोरियम बनाने का प्रस्ताव

- विभागीय मंत्री विजयवर्गीय ने लिखा पत्र

**नव भारत न्यूज**

**इंदौर. शहर के पश्चिम क्षेत्र में एयरपोर्ट रोड पर रोकड़िया हनुमान मंदिर के पास स्विमिंग पूल और ऑडिटोरियम बनाने की योजना है. उक्त दोनों कार्यों के लिए प्रदेश में नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने आईडीए को प्रस्ताव बनाने के लिए पत्र लिखा है. बताया जा रहा है कि उक्त योजना का सरकारी जमीन पर प्रस्ताव रखा गया है.**



विजयवर्गीय ने आईडीए को अपनी विधानसभा में स्विमिंग पूल और ऑडिटोरियम बनाने के लिए पत्र लिखा है. 23 जनवरी को मंत्री कार्यालय से आईडीए सीईओ के नाम पत्र जारी किया था, जो आईडीए में 28 जनवरी को रिसीव किया गया. पत्र में मंत्री विजयवर्गीय ने उल्लेख किया है कि नगर निगम वार्ड क्रमांक 7 के दूसरी पलटन पुलिस लाइन के पास स्थित रोकड़िया हनुमान मंदिर से लगी सरकारी जमीन है. उक्त सरकारी जमीन पर जनहित में स्विमिंग पूल और ऑडिटोरियम बनाने का प्रस्ताव तैयार कर कार्ययोजना बनाई जाए. आईडीए सूत्रों के अनुसार उक्त पत्र पर सीईओ बैठक कर प्रस्ताव पर चर्चा करेंगे. उसके बाद आईडीए योजना का प्रस्ताव बोर्ड बैठक में करेगा, फिर योजना पर कार्य शुरू होगा.

# भागीरथपुरा घटना की जिम्मेदारी मेरी है – महापौर

**नव भारत न्यूज**

**इंदौर. भागीरथपुरा में दूषित पानी की घटना की जिम्मेदारी जनप्रतिनिधि होने के नाते मेरी है.**

यह बात महापौर ने आज पत्रकारों से अनौपचारिक बातचीत में कही. महापौर के यह स्वीकारने के बाद भाजपा परिषद फिर कटघरे में खड़ी हो गई है. इससे पार्टी में अंदरूनी हलचल पैदा होना तय है. महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने आज नगर निगम मुख्यालय पर पत्रकारों को बातचीत करने बुलाया था. इस दौरान महापौर ने कहा कि इस साल के बजट में नगर निगम द्वारा बांड जारी करने की योजना को मंजूरी दी गई है. खुशी की बात है कि 1 हजार करोड़ रुपए के बांड पर 100 करोड़ रुपए केंद्र सरकार द्वारा अनुदान दिया जाएगा.



इंदौर नगर निगम भी कोई ऐसी योजना बनाएगा कि भविष्य में बॉन्ड जारी करके कार्य किया जाए. इंदौर नगर निगम के पहल को 16वें वित्त आयोग के दल ने इंदौर दौरे के समय सोलर प्लांट लगाने के लिए नगर निगम द्वारा जारी बॉन्ड की जानकारी दी थी. निगम के इस प्रयास को भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और वित्त मंत्री निर्मला सीतारमन ने पूरे देश के नगरीय निकायों पर लागू किया है. महापौर ने कहा कि इंदौर नगर निगम ने नर्मदा चौथे चरण के योजना बनाई थी, जिसमें 11 करोड़ का प्रावधान था, लेकिन मेरी परिषद ने 25 सौ करोड़ के योजना का प्रस्ताव बनाकर मंजूरी दी है. उक्त अमृत 2.0 में, 841 करोड़ से 1600 एमएलडी का इंटेकवेल और 900 एमएलडी क्षमता के दो टैंक जिसमें एक टैंक में ट्रीटमेंट प्लांट के साथ 9 सौ एमएलडी पानी इंदौर भेजने की शुरुआत हो चुकी है. बाकी 31 तारीख को दूसरे, तीसरे और चौथे चरण के कार्यों की मंजूरी भी दे दी है, इसके तहत जलूद से इंदौर नई लाइन, 75 पुरानी टंकियों का सुधार कार्य और लाइन बदलना तथा 40 नई टंकियों का निर्माण कार्य शामिल है. इसके लिए टेंडर हो चुके है और जल्द ही मुख्यमंत्री द्वारा कार्यों का शुभारंभ किया जाएगा. भागीरथपुरा में नगर निगम द्वारा 30 प्रतिशत क्षेत्र में नर्मदा लाइन से पानी दिया जा रहा है. 70 प्रतिशत नई लाइन डालने के कार्य भी अगले एक माह में पूरा हो जाएगा. जब तक शेष इलाके में टैंकर से शुद्ध पानी की सप्लाई जारी रहेगी. बाकी सीवरेज के लिए शहर में अलग अलग ट्रीटमेंट प्लांट बन रहे है और सिरपुर का 20 एमएलडी प्लांट तैयार है.

> **यशवंत सागर से 15 एमएलडी पानी बढ़ाने पर काम शुरू**
>
> महापौर ने आगे बताया कि यशवंत सागर तालाब से 30 एमएलडी पानी मिल रहा है. 15 एमएलडी पानी और बढ़ाने का काम शुरू कर दिया है. पश्चिम क्षेत्र में फल बाग के पास 30 एमएलडी का संपवेल का काम 50 प्रतिशत हो गया है. संपवेल बनने के बाद पश्चिम क्षेत्र में पानी टंकी भरने की समस्या खत्म हो जाएगी. अभी पहले पूर्वी क्षेत्र की टंकी भरते हैं और फिर पश्चिम क्षेत्र की भराती है. अंत में भागीरथपुरा घटना के लिए किसको दोषी मानने के सवाल पर महापौर भार्गव ने कहा कि जनप्रतिनिधि होने के नाते जिम्मेदारी मेरी है.

## एक नजर में

### महाआरती और महाप्रसादी का आयोजन



**इंदौर.** संत रविदास जयंती के पावन अवसर पर रेलवे स्टेशन स्थित गणेश मंदिर पर संत रविदास जाटव समाज सेवा समिति की ओर से कार्यक्रम आयोजित किया गया. कार्यक्रम में महाआरती और महाप्रसादी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर गरीब और बेसहारा महिलाओं को साड़ियां तथा विकलांगों को पेंट-शर्ट के कपड़े वितरित किए गए. समिति अध्यक्ष सुरेश उस्ताद ने वरिष्ठ समाजसेवियों को साफा पहनाकर सम्मानित किया. मुख्य अतिथि सूरज कैरो ने महाआरती की और गरीब महिलाओं व विकलांगों को कपड़े वितरित किए. साथ ही, बच्चों और वरिष्ठ समाजसेवियों को संत रविदास की तस्वीर और हार देकर सम्मानित किया गया. कार्यक्रम में लक्ष्मण अहिरवार, मुकेश कुमार अमोलिया, राम बाबू बेतव, कन्हैया लाल सिसोदिया, गोविंद कजरें, विजय सेरोके, मुन्ना बुंदेला, अजय रोशन, गोपाल सेरोके, राजेन्द्र जादौरिया, विकास घुलधुय, मोहन बीते सहित अन्य समाजसेवी उपस्थित रहे।

### विकास को गति, इंफास्ट्रक्चर पर ज़ोर



**इंदौर.** एनएसई के प्रबंध निदेशक एवं सीईओ आशीषकुमार चौहान ने कहा कि केंद्रीय बजट 2026-27, जो कर्तव्य भवन से पेश किया गया पहला बजट है और माननीय वित्त मंत्री का लगातार नौवां बजट है, यह साफ संदेश देता है कि तेज़ आर्थिक विकास और वित्तीय अनुशासन साथ-साथ चल सकते हैं. यह बजट वित्तीय संतुलन के रास्ते पर मजबूती से बना हुआ है. इसमें राजकोषीय घाटा जीडीपी के 4.4% से घटकर 4.3% कर दिया गया है और कर्ज-से-जीडीपी अनुपात 56.1% से घटकर 55.6% हो गया है। इससे भारत वित्त वर्ष 2031 तक 50% के लक्ष्य की ओर सही दिशा में आगे बढ़ रहा है। यह सब मिलकर निवेशकों और बाजारों को यह भरोसा देता है कि देश की अर्थव्यवस्था स्थिर है और सरकार की नीतियाँ भरोसेमंद हैं. इन्फ्रास्ट्रक्चर विकास का सबसे बड़ा आधार बना हुआ है. सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि यह बजट भविष्य को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है. कुल मिलाकर, बजट में वित्तीय समझदारी, इन्फ्रास्ट्रक्चर के ज़रिये विकास, वित्तीय बाजारों को गहरा करना और भविष्य के लिए तैयार सुधारों का संतुलित मेल दिखता है.

### महिलायें बनीं प्रॉपर्टी बाज़ार की प्रमुख खरीदार

**इंदौर.** कोटक महिन्द्रा बैंक लिमिटेड के हाउसिंग फाइनेंस के बिजनेस हेड मनु सिंह ने कहा कि भारतीय रियल एस्टेट सेक्टर में महत्वपूर्ण बदलाव आ रहा है, जहां महिलाएं प्रॉपर्टी बाज़ार में प्रमुख निवेशक के रूप में उभर रही हैं. एनारॉक के हालिया सर्वे के अनुसार, 70% महिलाएं रियल एस्टेट को अपना सबसे पसंदीदा निवेश विकल्प मानती हैं, और इनमें से कई 90 लाख रुपये से अधिक कीमत वाले प्रीमियम या लग्जरी घरों पर विचार कर रही हैं. यह बेहद प्रभावशाली है कि सर्वे की गई अधिकांश महिलाओं ने स्टॉक मार्केट में उच्च अस्थिरता के कारण इसमें अपनी हिस्सेदारी कम कर दी है. यह ट्रेंड लेंडिंग की अनुकूल नीतियों, स्थिर रिटर्न और घर के मालिकाना हक की सुरक्षा से प्रेरित है, जो महिलाओं के लिए रियल एस्टेट को आकर्षक निवेश विकल्प बनाता है. महिलाएं तेजी से वित्तीय रूप से आत्मनिर्भर बन रही हैं और रियल एस्टेट निवेश में सक्रिय भूमिका निभा रही हैं. इस बदलाव को पहचानते हुए, भारतीय सरकार और वित्तीय संस्थानों ने महिलाओं के लिए हाउसिंग लोन प्राप्त करना आसान बनाने वाली अनुकूल नीतियां और योजनाएं शुरू की हैं.

### क्लासिक लीजेंड्स ने गणतंत्र दिवस राइडर्स के साथ मनाया

**इंदौर.** गणतंत्र दिवस पर जावा, येज़्दी और बीएसए के राइडर्स पूरे भारत में राइड के लिए निकले. मोटरसाइक्लिंग भी गणतंत्र की तरह विविधता से जन्मी एकता पर फलती-फूलती है- इसी साझा विश्वास के साथ ये राइडर्स एक साथ आए. आधुनिक परफॉर्मेंस क्लासिक्स बनाने वाली कंपनी क्लासिक लीजेंड्स ने इस अवसर पर राइडर्स के साथ यह दिन मनाया और अपनी आधिकारिक वेबसाइट पर 'नोमाड्स- राइड ऐज़ वन, राइड द लेगेसी' नाम से कम्युनिटी पेज को लाइव किया. 'नोमाड्स फॉर यूनिटी इन डायवर्सिटी' नाम से आयोजित गणतंत्र दिवस की ये राइड्स जम्मू से तमिलनाडु और गुजरात से मणिपुर तक, अलग-अलग क्षेत्रों और संस्कृतियों में फैली हुई थीं. इन राइड्स में 2,000 से अधिक राइडर्स शामिल हुए. क्लासिक लीजेंड्स के सह-संस्थापक अनुपम थरेजा ने कहा मोटरसाइक्लिंग की जड़ में अपने तरीके की आज़ादी खोजने की चाह होती है. हमारी परफॉर्मेंस क्लासिक्स इसी खोज के लिए डिजाइन की गई हैं. कुछ दिन खुद के लिए राइड करने के होते हैं, और गणतंत्र दिवस एक साथ राइड करने का दिन होता है. इस दिन जावा, येज़्दी और बीएसए की वार्षिक राइड्स अलग-अलग राइडर्स को एक मजबूत ट्राइब की तरह एक साथ लाती हैं.

### बजट से आर्थिक और बैंकिंग सुधारों को नया आयाम

**इंदौर.** एयूएसएफबी के फाउंडर, एमडी एवं सीईओ संजय अग्रवाल ने कहा कि केंद्रीय बजट 2026-27 निरंतरता और भरोसे का एक सशक्त संदेश देता है. वित्तवर्ष 27 में सकल राजकोषीय घाटे को 4.3% पर रखते हुए पूंजीगत व्यय-आधारित राजकोषीय समेकन पर सरकार की प्रतिबद्धता आर्थिक विवेक को मजबूत करती है और विकास को गति देते हुए स्थिरता सुनिश्चित करती है. उच्च-स्तरीय बैंकिंग समिति का प्रस्ताव एक रणनीतिक मास्टरस्ट्रोक है, जो ऋण विस्तार, उपभोक्ता संरक्षण और तकनीकी दक्षता के बीच संतुलन बनाने वाला स्पष्ट रोडमैप प्रस्तुत करता है. एमएसएमई क्षेत्र के लिए यह बजट एक परिवर्तनकारी क्षण है. 10,000 करोड़ का एसएमई ग्रोथ फंड केवल अस्तित्व बनाए रखने से आगे बढ़कर 'एंटरप्राइज चैंपियंस' के निर्माण पर केंद्रित दृष्टिकोण को दर्शाता है। इसके अतिरिक्त, टियर-2 और टियर-3 शहरों में 'कॉरपोरेट मित्र' की शुरुआत क्रांतिकारी कदम है, जो यह सुनिश्चित करती है कि विकास की अगली लहर केवल महानगरों तक सीमित न रहे, बल्कि देश के आंतरिक क्षेत्रों से उभरे.

### विदिशा की कल्पना सेन ने कैसे अपनी ज़िंदगी दोबारा संवारी

**इंदौर.** विदिशा जिले के सुनपुरा गाँव में रहने वाली 29 वर्षीय कल्पना सेन की ज़िंदगी कभी उनकी शिक्षा और सपनों से बिल्कुल उलट दिशा में चली गई थी. स्नातकोत्तर शिक्षा प्राप्त करने और एक निजी स्कूल में शिक्षिका रह चुकी कल्पना, पति से अलग होने के बाद बिना घर और किसी सहारे के रह गईं. उन्हें अपने पिता के गाँव लौटना पड़ा, जहाँ सामाजिक उपेक्षा, अकेलापन और ग़रीबी ने उन्हें घेर लिया. एक समय ऐसा भी आया जब उन्हें घास-फूस की झोपड़ी में रहना पड़ा और अनियमित मज़दूरी कर गुज़ारा करना पड़ा, अक्सर यह भी तय नहीं होता था कि अगला भोजन मिलेगा या नहीं.

# नगर निगम कर्मचारियों की मांगों के लिए महासंघ की स्थापना

- केदार यादव प्रदेश अध्यक्ष व सुनील बंसल संगठन मंत्री पद पर नियुक्त

**इंदौर. नगर पालिक निगम कर्मचारियों की वर्षों से लंबित मांगों के प्रभावी निराकरण एवं शासन स्तर पर सशक्त प्रतिनिधित्व सुनिश्चित करने के उद्देश्य से भारतीय मजदूर संघ द्वारा प्रदेश स्तर पर एक महासंघ की स्थापना की गई है. इस महासंघ का प्रथम त्रिवार्षिक प्रदेश अधिवेशन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ.**

प्रदेश अधिवेशन के दौरान अखिल भारतीय मजदूर संघ के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एम.पी. सिंह, क्षेत्रीय संगठन मंत्री सुनील किरवाई, प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष अरविंद मिश्रा एवं इंदौर-धार संभाग प्रमुख मुरारी राठौर की सर्वसम्मति से संगठनात्मक दायित्वों का गठन किया गया. इस अवसर पर मध्य प्रदेश नगर पालिका निगम कर्मचारी महासंघ में केदार यादव को



कार्यकारी प्रदेशाध्यक्ष तथा श्री सुनील बंसल को संगठन मंत्री नियुक्त किया गया. नवनियुक्त पदाधिकारियों ने संगठन के प्रति आभार व्यक्त करते हुए आश्वस्त किया कि वे नगर पालिक निगम कर्मचारियों की जायज मांगों के त्वरित एवं प्रभावी निराकरण हेतु शासन एवं प्रशासन स्तर पर सतत संघर्ष करेंगे. महासंघ के माध्यम से कर्मचारियों की समस्याओं को एकजुट होकर मजबूती से उठाया जाएगा तथा उनके अधिकारों की रक्षा के लिए हर संभव प्रयास किए जाएंगे

# नए साल में फिर रफ्तार पर इंदौर की उड़ानें

- 233 अतिरिक्त उड़ानें, 28 हजार से ज्यादा यात्रियों का इजाफा

**नवभारत न्यूज़**

**इंदौर. नए साल की शुरुआत इंदौर की हवाई यातायात व्यवस्था के लिए राहत भरी रही. दिसंबर में आई गिरावट के बाद जनवरी में इंदौर एयरपोर्ट से उड़ानों और यात्रियों की संख्या में फिर तेजी लौटी है. बीते माह उड़ानों की संख्या में 233 की बढ़ोतरी दर्ज की गई, वहीं 28 हजार से ज्यादा अतिरिक्त यात्रियों ने इंदौर से हवाई सफर किया.**

एयरपोर्ट अथॉरिटी की रिपोर्ट के मुताबिक जनवरी में इंदौर से कुल 2,882 उड़ानों का संचालन हुआ, जिनसे 3 लाख 97 हजार 98 यात्रियों ने सफर किया. इसके मुकाबले दिसंबर में 2,649 उड़ानों से 3 लाख 68 हजार 460 यात्रियों ने यात्रा की थी. इस तरह एक महीने में ही यात्री और उड़ान दोनों आंकड़ों में उल्लेखनीय उछाल दर्ज हुआ. दिसंबर माह में इंडिगो एयरलाइंस द्वारा क्रू की कमी के चलते देशभर में सैकड़ों उड़ानें निरस्त की गई थीं. इसका सीधा असर इंदौर एयरपोर्ट पर भी पड़ा था. नवंबर में जहां इंदौर से 4.23 लाख यात्रियों ने सफर किया था और उड़ानों की संख्या 2,973 तक पहुंच गई थी, वहीं दिसंबर में 324 उड़ानें और 55 हजार से ज्यादा यात्री घट गए थे. जनवरी में इंडिगो की उड़ानों का निरस्तीकरण कम होने से स्थिति में सुधार आया और यात्री संख्या फिर बढ़ी.




> **अप्रैल से और बढ़ेंगी उड़ानें**
>
> एयरपोर्ट प्रबंधन के मुताबिक रनवे मरम्मत के चलते फिलहाल रात में आठ घंटे एयरपोर्ट बंद रखा जा रहा है, जिससे उड़ानों की संख्या पर असर पड़ रहा है. इंदौर एयरपोर्ट डायरेक्टर सुनील मग्गीरवार ने बताया कि मार्च के अंत तक मरम्मत कार्य पूरा करने का लक्ष्य है. अप्रैल से एयरपोर्ट को 24 घंटे संचालित किया जाएगा, जिससे नई उड़ानें मिलने और यात्रियों की संख्या में और बड़ा उछाल आने की उम्मीद है.

**मार्च-अप्रैल में बड़े उछाल के संकेत**-यात्रा कारोबार से जुड़े संगठनों का मानना है कि आने वाले महीनों में हवाई यात्रियों की संख्या में और तेजी आएगी. हालांकि फरवरी और मार्च की शुरुआत में परीक्षाओं के चलते बड़ा उछाल संभव नहीं है, लेकिन मार्च के मध्य से अप्रैल तक छुट्टियों का सीजन शुरू होते ही यात्री संख्या में तेज बढ़ोतरी देखने को मिल सकती है. यात्रियों ने अभी से ही टूर बुकिंग शुरू कर दी है.

**पिछले छह महीनों का हाल...**-अगस्त में 2.53 लाख यात्री और 2,500 उड़ानें रहीं. सितंबर में 2.53 लाख से ज्यादा यात्रियों ने 2,393 उड़ानों से सफर किया. अक्टूबर में यात्री संख्या 2.53 लाख और उड़ानें 2,645 रहीं. नवंबर में 4.23 लाख यात्रियों के साथ 2,973 उड़ानों का संचालन हुआ. दिसंबर में यह आंकड़ा घटकर 3.68 लाख यात्री और 2,649 उड़ानें रह गया. जनवरी में फिर बढ़कर 3.97 लाख यात्री और 2,882 उड़ानें दर्ज की गईं.

# जल जीवन अब जल जहर हो गया है : लांबा

## चुनाव में हम हार नहीं रहे, हमको हराया जा रहा है वोट चोरी से

**नव भारत न्यूज**

**इंदौर.** इंदौर और मध्यप्रदेश जल जीवन की बजाय जल जहर हो गया है. प्रदेश में दूषित पानी से 32 लोग मर चुके है और प्रदेश के मंत्री इस्तीफा नहीं दे रहे हैं. कर्नल सोफिया कुरैशी के खिलाफ टिप्पणी करने के मामले में सुप्रीम कोर्ट ने निर्देश दिया है. भाजपा सरकार के मंत्री इस्तीफा दें या सरकार उनसे इस्तीफा ले. देश में कांग्रेस हार नहीं रही है बल्कि हराया जा रहा है वोट चोरी करके.



उक्त बातें महिला कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष अलका लांबा ने आज प्रेस से मिलिए पत्रकारों से कही. अलका लांबा ने बताया कि आज शहर के लोग नारकीय जीवन जीने पर मजबूर है. आज युवक कांग्रेस की न्याय यात्रा में भाग लेने दौरान शहर की स्थिति देखने में आई. जल जीवन अब जल जहर हो गया. प्रदेश में कफ सिरफ से बच्चों की मौत और चूहे काटने से बच्चों की मौत हो चुकी है. क्या यह डबल इंजन की सरकार है? यह भाजपा की गुड गवर्नेंस का मॉडल है? कांग्रेस ने मनरेगा बचाओ संग्राम छेड़ा है. बाजार में योजना का 40% बोझ राज्य पर डाल दिया है. मनरेगा में रोजगार गारंटी नहीं है. महात्मा गांधी का नाम हटाने से ओछी मानसिकता का पता चलता है.

> **कांग्रेस एसआईआर के खिलाफ**
>
> आपने कहा संसद में आधे घंटे तक राहुल गांधी को रोका गया, बोलने नहीं दिया. सरकार ने चीन, अमेरिका के सामने घुटने टेक दिए है. क्या अब अमेरिका तय करेगा भारत किससे तेल खरीदे? आज बांग्लादेश, नेपाल, श्रीलंका जैसे पड़ोसी देश आंखे दिखा रहे हैं. आपने कहा, कांग्रेस एसआईआर के खिलाफ है. हम हार नहीं रहे हैं, हराया जा रहा है. हरियाणा में 25 लाख वोट बिहार में 65 लाख मतदाता के नाम काट दिए. यह दलित, पिछड़े वर्ग, अल्पसंख्यकों के वोट थे. लोकतंत्र में यह क्या कर रहा है चुनाव आयोग?





# रामचरण महाराज का प्राकट्योत्सव मनाया

**इंदौर.** अंतर्राष्ट्रीय रामस्नेही संप्रदाय के प्रथम आचार्य स्वामीजी श्री श्री 1008 श्री रामचरणजी महाराज का 307वाँ पावन प्राकट्य दिवस महोत्सव छावनी रामद्वारे पर मनाया गया. अंतर्राष्ट्रीय रामस्नेही संप्रदाय के ट्रस्टी एवं छावनी राम द्वारा समिति के सचिव मुकेश कचोलिया ने बताया कि कार्यक्रम में छंदभुजंगी, गुरु महिमा ,जयंती के एवं प्रसाद वितरण का कार्यक्रम हुआ. इस अवसर पर रामविलास राठी, सतीश कचोलिया, कोशल सोनी, सुनील जायसवाल, प्रदीप परतानी, प्रेमलता सेनी, वर्षा व्यास, रीना परतानी, रीतेश कृपलानी एवं सलोनी कृपलानी आदि उपस्थित थे.



# प्रकाश पर्व पर सामूहिक कीर्तन और पाठ का किया आयोजन

**इंदौर.** श्री गुरु हररायजी का प्रकाश पर्व न्यू रानी बाग में श्रद्धा भाव और हर्ष उल्लास के साथ मनाया गया. आरंभ में सहज पाठ का समापन सतपाल कौर बेद द्वारा किया गया. सुखमनी साहेबजी के पाठ, राग बसंत की वार, पौड़ी का गायन और कीर्तन, गुड़िया कौर चावला, सुरेंद्र कौर सैनी, हरप्रीत कौर खनूजा, हरजीत कौर छाबड़ा, कुलवंत कौर अजमानी तथा शीनी द्वारा किया गया. ज्ञानी हरीसिंघजी ने सुख - शांति और आपसी प्यार सौहार्द बनाई रखने हेतु अरदास की। संचालन रतनजीत सिंघ शैरी ने किया. अध्यक्ष गुलजीत कौर कोमल तथा कंवलजीत लक्की छाबड़ा ने आभार व्यक्त किया.

# आमजन की समस्याओं का निराकरण समय सीमा में करें

- लापरवाही मिलने पर संबंधित अधिकारियों पर होगी कार्रवाई
- समय सीमा के पत्रों के निराकरण की बैठक में कलेक्टर के निर्देश

**इंदौर.** कलेक्टर शिवम वर्मा की अध्यक्षता में आज यहां समय-सीमा के पत्रों के निराकरण (टीएल) की बैठक आयोजित की गई. बैठक में नगर निगम आयुक्त क्षितिज सिंघल, अपर कलेक्टर नवजीवन विजय पवार, एमपीआईडीसी के सीईओ हिमांशु प्रजापति, अपर कलेक्टर निशा डामोर, रोशन राय, रिंकेश वैश्य सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे.



बैठक में कलेक्टर शिवम वर्मा ने संकल्प से समाधान अभियान के क्रियान्वयन की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि अभियान का चरणबद्ध और प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए. उन्होंने कहा कि अभियान के तहत अधिक से अधिक पात्र व्यक्तियों को लाभान्वित किया जाए तथा यह सुनिश्चित किया जाए कि कोई भी पात्र हितग्राही योजना के लाभ से वंचित न रहे. उन्होंने सीएम हेल्पलाइन के अंतर्गत प्राप्त आवेदनों का समय-सीमा में निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए और स्पष्ट किया कि आवेदनों के निराकरण में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी. लापरवाही पाए जाने पर संबंधित अधिकारियों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी. बैठक के दौरान कलेक्टर शिवम वर्मा ने सीएम हेल्पलाइन के अंतर्गत दर्ज आवेदनों की रेंडम समीक्षा भी की. इस दौरान नगर निगम, वित्त, ऊर्जा, स्वास्थ्य आदि विभागों से संबंधित आवेदनों की समीक्षा की गई. निराकरण में लापरवाही पाए जाने पर ऊर्जा विभाग के एल-वन अधिकारी तथा स्वास्थ्य विभाग के ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर, हातोद के विरुद्ध पेनल्टी अधिरोपित कर संबंधित हितग्राही को लाभ दिलाने के निर्देश दिए गए.

> **कमी मिलने पर तुरंत सुधार करें**
>
> इसके अतिरिक्त कलेक्टर ने निर्देश दिए कि शासकीय एवं अशासकीय हॉस्टलों का नियमित निरीक्षण कर वहां मूलभूत सुविधाएं सुनिश्चित की जाएं और किसी भी प्रकार की कमी पाए जाने पर तुरंत सुधार किया जाए. उन्होंने नशा मुक्ति अभियान के तहत जनजागरूकता के प्रयास तेज करने के निर्देश देते हुए कहा कि सभी स्कूलों एवं कॉलेजों में नशा मुक्ति समितियों का गठन किया जाए, जिनमें अध्यापक एवं विद्यार्थी शामिल हों.

## एक नजर में | वाषिकोत्सव में सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से मेहमानों को बनाए रखा मंत्रमुग्ध

# बच्चों ने लिया जंक फूड से दूरी बनाए रखने का संकल्प

**इंदौर. राजमोहल्ला स्थित परसरामपुरिया एकेडमी का वार्षिकोत्सव साहित्यकार महेंद्र कुमार सांघी के मुख्य आतिथ्य एवं राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त समाजसेवी रामदास गोयल की अध्यक्षता में विद्यालय परिसर में सम्पन्न हुआ.**

सरस्वती वन्दना के साथ प्रारंभ हुए इस आयोजन में ट्रस्टी डॉ. लोकेश जोशी, सचिव कुणाल मिश्रा, डॉ. निर्मल महाजन ने भी अपने प्रेरक विचार रखे और अतिथियों के साथ विद्यालय के मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित भी किया. मुख्य अतिथि सांघी ने बच्चों को जंक फुड का सेवन नहीं करने का संकल्प दिलाया और जंक फुड से होने वाले नुकसान भी बताए. बच्चों ने दुर्गास्त्रोत, राधा



कृष्ण गीत पर नृत्य, पर्यावरण की रक्षा में आदिवासियों के योगदान, शिव नृत्य, भगोरिया उत्सव सहित अनेक रंगारंग प्रस्तुतियों से मेहमानों का मन मोह लिया. दुर्गास्त्रोत पर आधारित ऐ गिरि नंदिनी... और लता मंगेशकरजी के गाए गीत सर पर हिमालय का छत्र है...' को खूब तालियाँ मिली. विद्यालय के बच्चों ने विज्ञान और सामाजिक विज्ञान पर आधारित प्रदर्शनी के साथ ही आर्ट्स एंड क्राफ्ट्स प्रदर्शनी में देश के 51 शक्तिपीठों एवं प्रमुख मंदिरों की प्रतिकृतियाँ भी बनाई, जिनका अवलोकन कर मेहमानों ने खुलेमन से प्रशंसा की. संचालन मनीषा वर्मा एवं दीपा अग्रवाल ने किया. आभार माना प्राचार्य रंजना कोटिया ने.

# सनातन ग्रंथ प्रदर्शनी को मिला विद्वानों का प्रतिसाद

**इंदौर. अहिल्या विद्यापीठ में आयोजित नर्मदा साहित्य मंथन कार्यक्रम के अंतर्गत सनातन संस्था की ग्रंथ प्रदर्शनी को जिज्ञासुओं एवं साहित्यप्रेमियों का उत्स्फूर्त प्रतिसाद प्राप्त हुआ.**

इस अवसर पर अयोध्या से आए आचार्य मिथिलेश नंदिनी शरण महाराज तथा स्वदेश समाचार पत्र के प्रबंध संचालक-संपादक विवेक गोरे ने प्रदर्शनी को सद्भावना भेंट देकर ग्रंथों एवं सनातन पंचांग एवं ऐप की सराहना की. रा. स्व. संघ के इंदौर शहर अंतर्गत छत्रपति संभाजी नगर के नगर प्रचार प्रमुख पंकज महाडिक ने ग्रंथों के माध्यम से सनातन



विचारों के प्रसार का यह प्रयास सराहनीय है. ऐसे बताया और अपने अनेक परिचितों को प्रदर्शनी दिखाने के लिए भी लेकर आए. प्रदर्शनी में प्रस्तुत सनातन के ग्रंथ, सात्विक उत्पाद एवं जानकारीपूर्ण फ्लेक्स विशेष आकर्षण का केंद्र रहे.